कोविड–19 वैक्सीन

Pfizer-BioNTech, Moderna, AstraZeneca/COVISHIELD & Janssen (Johnson & Johnson)

17 मार्च, 2021 को अपडेट किया गया

कोविड–19 से होने वाले जोखिम

कोविड-19 एक वायरल संक्रमण है जो मुख्य रूप से फ़ेफ़ड़ों को प्रभावित करता है। सभी उम्र के लोग संक्रमित हो सकते हैं। कुछ लोगों के रहने या कार्य स्थल की परिस्थिति के कारण उनके कोविड–19 से संक्रमित होने का जोखिम अधिक हो सकता है। वृद्ध वयस्क और स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों की कोविड–19 से गंभीर रूप से बीमार होने की संभावना अधिक होती है।
हल्की बीमारी के साथ भी, कुछ लोगों में संक्रमण समाप्त हो जाने के महीनों बाद भी लक्षण हो सकते हैं। कोविड–19 का संक्रमण फ़ेफ़ड़ों, हृदय या मस्तिष्क को नुकसान पहुँचा सकता है। दीर्घकालिक लक्षणों में थकान, सांस लेने में तकलीफ़, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी, मांसपेशियों में दर्द और अन्य लक्षण शामिल हो सकते हैं।

चूंकि कोविड–19 का कारण बनने वाला कॉरोनोवायरस, नए वेरिएंट में बदलता रहता है, यह संक्रमण को और भी आसानी से फैला सकता है, और अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। अब ओंटारियो में अलग–अलग वेरिएंट संचारित हो रहे हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय, जैसे कि शारीरिक दुरी और वैक्सीन इन वैरिएंट से आपकी रक्षा करेंगे।

वैक्सीन कैसे काम करती है

कोविड–19 वैक्सीन हमारे शरीर को एंटीबॉडी विकसित करने के लिए हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने के निर्देश देते हैं जो हमें कोविड–19 संक्रमण से बचाएँगे। कोविड–19 वैक्सीन वृद्ध लोगों सहित 16 से 18 वर्ष एवं अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए उपयोग की जाती है। कनाडा में उपयोग के लिए स्वीकृत तीन वैक्सीन की दो–खुराक की आवश्यकता होती है। Janssen (Johnson & Johnson) वैक्सीन की केवल एक खुराक की आवश्यकता होती है। वैक्सीन में वायरस नहीं होता है जो COVID-19 का कारण बनता है और इसलिए यह हमें संक्रमित नहीं कर सकता।

वैक्सीन के लाभ

कोविड–19 की सभी वैक्सीन ने कोविड–19 से गंभीर रूप से बीमार हुए लोगों को बचाया है। वैक्सीन लेने के बाद एक अच्छी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के निर्माण के लिए हमारे शरीर को दो सप्ताह का समय लगता है। सभी वैक्सीन स्वास्थ्य की समस्याओं जैसे हृदय या फ़ेफ़ड़ों की समस्याओं, मधुमेह या उच्च रक्तचाप वाले लोगों के लिए सुरक्षित हैं। वैक्सीन बीमारी या उपचार के कारण ऑटो–इम्यून या कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों के लिए भी सुरक्षित है लेकिन इन स्थितियों वाले लोगों में वैक्सीन काम नहीं भी कर सकती है।

वैक्सीन लेने के बाद भी आपको कोविड–19 होने की संभावना बहुत कम है। वर्तमान में, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वैक्सीन की सुरक्षा कितने समय तक प्रभावी रहेगी। भविष्य में बूस्टर डोज़ की सलाह की जा सकती है।

कोविड–19 वैक्सीन Pfizer-BioNTech, Moderna, AstraZeneca/COVISHIELD & Janssen

वैक्सीन के घटक / एलर्जी

वैक्सीन में लिपिड, लवण, शर्करा और बफ़र्स होते हैं। वैक्सीन में अंडे, जिलेटिन, लेटेक्स, संरक्षक, एंटीबायोटिक्स या एल्यूमीनियम नहीं हैं। कोविड–19 वैक्सीन से एलर्जी दुर्लभ है। वैक्सीन सुरक्षित हैं, भले ही आपको भोजन, दवा या पर्यावरण एलर्जी हो। यदि आपको पॉलिएथीलीन ग्लाइकोल, ट्रोमेथमाइन या पॉलीसोर्बेट से गंभीर एलर्जी है तो पहले अपने डॉक्टर से बात करें।

दुष्प्रभाव और जोखिम

वैक्सीन प्राप्त 10 लोगों में से लगभग एक को दुष्प्रभाव हो सकता है – जो अधिकांशतः हल्के से मध्यम होते हैं और कुछ दिनों में चले जाएँगे। आम दुष्प्रभाव में लालिमा, दर्द, खुजली या इंजेक्शन की जगह पर सूजन, बुखार, सिरदर्द, थकान महसूस होना, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द, ठंड लगना, मतली और/या उल्टी शामिल हैं।

दुष्प्रभाव आमतौर पर एक से तीन दिन तक रहते हैं और आमतौर पर इसका मतलब है कि हमारा शरीर वैक्सीन के प्रति प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया विकसित कर रहा है। दुर्लभ मामलों में, गंभीर एलर्जी प्रतिक्रियाएँ (एनाफ़िलेक्सिस) हो सकती हैं। एलर्जी प्रतिक्रियाओं का इलाज किया जा सकता है और आमतौर पर अस्थायी होते हैं। यदि आपको सांस लेने में तकलीफ़ हो, चकत्ते हों या चेहरे और गले में सूजन हो, तो चिकित्सा सहायता लें। यदि आपको वैक्सीन की प्रतिक्रिया होती है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएँ और वे सार्वजनिक स्वास्थ्य को लक्षणों की रिपोर्ट करेंगे। वैक्सीन सुरक्षित है यह सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सूचित दुष्प्रभावों का ट्रैक रख रहा है।

वैक्सीन को टाल दें

यदि आपको बुखार या कोविड–19 के लक्षण हैं, तो वैक्सीन लेने से पहले ठीक होने तक प्रतीक्षा करें। कोविड–19 वैक्सीन को अन्य वैक्सीन के साथ भी नहीं दिया जाना चाहिए। यदि आपने हाल में कोई और वैक्सीन ली है, तो कोविड–19 वैक्सीन लेने से पहले 14 दिन प्रतीक्षा करें।

स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से परामर्श करें

वैक्सीन लगाने से पहले अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या एलर्जी विशेषज्ञ से बात करें यदि:

- आप गर्भवती हैं, गर्भवती हो सकती हैं या स्तनपान करा रही हैं;
- आपको बीमारी या उपचार के कारण ऑटो–इम्यून की समस्या है या आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है
- कोविड–19 वैक्सीन की आपकी पहली खुराक लेने के चार घंटे के भीतर एलर्जी की प्रतिक्रिया हुई थी; या
- आपको वैक्सीन की किसी भी सामग्री से गंभीर एलर्जी है।

स्वयं को और दूसरों को सुरक्षित रखना जारी रखें

जब तक वैक्सीन लगाने के इच्छुक सभी लोगों के लिए पर्याप्त वैक्सीन उपलब्ध न हो, तक तक शारीरिक दुरी का पालन करना, मास्क लगाना और यदि आप बीमार हैं तो घर पर रहना आवश्यक है. स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों और स्टाफ़ को वैक्सीन लगाने के बाद भी व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) पहनना आवश्यक है।

अधिक जानकारी के लिए

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें या हमारी वेबसाइट toronto.ca/COVID19 पर जाएँ.

Resources

राष्ट्रीय टीकाकरण सलाहकार समिति।. कोविड–*19* वैक्सीन के उपयोग के लिए सलाह। 16 मार्च, 2021. https://www.canada.ca/en/public-health/services/immunization/national-advisory-committee-on-immunization-naci/recommendations-use-covid-19-vaccines.html पर उपलब्ध है